हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 28 जुलाई 2025



07 ललितपुर में 37.91 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी आरओ ...



08 बालाजी भक्त मंडल ने निकली कांवड़ यात्रा ...



## खबर संक्षेप में

### नशामुक्ति के लिए जन जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा सीहोर स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशें से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और नशे से स्वयं एवं अपने समुदाय को बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सीएसपी सुश्री अभिनंदना शर्मा, तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह, प्राचार्य रोहिताश्व कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### शैक्षिक ओलंपियाड के 30 तक ऑनलाइन पंजीयन

**सीहोर।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन rskmp पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

### खेल पुरस्कार 2025 के लिए 31 अंतिम तिथि

**सीहोर।** खेल पुरस्कार-2025 (एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाषजोशी एवं लाईफटाईम एचीवमेंट पुरस्कार) हेत ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई, 2025 तक आमंत्रित किये गए है। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के नवीन ₹पुरस्कार नियम-2021' के अनुसार विगत 05 वर्षों (01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च, 2025) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जाएगे।

### प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार योजना के पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए।

### राजस्व मंत्री के गृह जिले में नाफरमान तहसीलदार, जमानती वारंट जारी

# प्रभारी तहसीलदार की हठधर्मिता, कोर्ट के आदेश, नहीं किया जमीन सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के गृह जिले सीहोर की सीहोर तहसील में पदस्थ तहसीलदार की नाफरमानी सामने आई है। तहसीलदार द्वारा कोर्ट के आदेश को भी हवाहवाई कर दिया गया। इसको लेकर न्यायालय ने सख्त रूख अपनाते हुए तहसीलदार को जमानती वारंट जारी करते हुए उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मामला जिले की शेरपुर स्थित एक जमीन के सीमांकन से जुड़ा है।

जानकारी के अनुसार व्यवहार वाद क्रमांक 105ए/2022 विकास राठौर विरूद्ध राकेश राठौर में वादी के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 24/8 रकबा 0.1620 हेक्टेयर एवं प्रतिवादी राकेश राठौर के स्वत्व की भूमि सर्वे नंबर 22/2/3, 22/1/1, 24/1 एवं 21/1 कुल रकबा 1.95 एकड़ एवं सिविल वाद क्रमांक 106ए/22 राजेंद्र राठौर व सुनीता आदी में वादी की भूमि खसरा नंबर 24/7 रकबा 0.0730 ग्राम शेरपुर तहसील व जिला सीहोर में है। इस जमीन को लेकर सीमांकन का आवेदन किया गया था, लेकिन समय पर सीमांकन नहीं हुआ। लंबे समय तक मामला अटका रहा। इसके बाद मामले में अपील की गई एवं कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। माननीय न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई करते हुए आदेश में कहा था कि आपके अधीनस्थ सक्षम अधिकारी को कमिश्नर नियुक्त कर 27 मई 2024 के पूर्व रिट ऑफ कमीशन प्राप्त कर, पक्षकारों को सूचना देकर मौके पर पहुंचकर सीमांकन कर सहमति नक्शा तैयार कर प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इसके बावजूद तहसीलदार भारत नायक ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया। अब न्यायालय ने उनके विरुद्ध जमानती वारंट जारी कर दिया है एवं तलब करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि प्रकरण सीमांकन कार्यवाही दिनांक 30 जुलाई 2025 को प्रस्तुत की जाए। समय पर सीमांकन नहीं कराने पर प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दीपेंद्र मालू ने आदेश जारी करते हुए तहसीलदार को 30 जनवरी तक सीमांकन कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामला राखी सिकरवार द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सीहोर द्वारा लंबित रिट ऑफ कमीशन के तहत दो सिविल प्रकरणों से जुड़ा है।

**कलेक्टर को भी भेजी थी पत्र की प्रतिः** कोर्ट द्वारा भेजे गए पत्र की एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को भी भेजी गई थी, लेकिन इसके बाद भी मामले में कार्रवाई नहीं की गई। एक तरफ कलेक्टर लगातार राजस्व अमले की बैठकें लेकर उन्हें निर्देश दे रहे हैं कि पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द निपटाया जाए। सीमांकन, बंटाकन सहित अन्य कार्यों को समय पर किया जाए। पिछले दिनों भी कलेक्टर बालागुरू के ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार की बैठक ली थी एवं दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद भी स्थिति नियंत्रण में नहीं है। सीहोर जिले में लगातार जमीनों से जुड़े विवाद सामने आ रहे हैं। इन विवादों के कारण कई बार लोगों की जानें भी चली गईं हैं। आए दिन जमीनों के विवादों में पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज हो रही हैं। इसके बाद भी मामला गंभीरता से नहीं लिया।

#### इनका कहना है

शेरपुर की जमीन के सीमांकन से जुड़ा मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। संबंधित जमीन में बंटान नहीं होने के कारण नक्शे बनाने में परेशानी आ रही है। बटान में भी रकबा बड़ा हुआ आ रहा है। अभी उस जमीन का बटान बना रहे हैं उसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस संबंध में फाइल एसडीएम के पास भी है। माननीय न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है एवं नियम, प्रक्रिया के तहत जल्द ही जमीन का सीमांकन कराया जाएगा।

**भारत नायक,** तहसीलदार, तहसील सीहोर

### कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम

## दिनभर चला वर्षा का दौर वातावरण में घुली ठंडक



**नलखेड़ा।** रविवार को दिनभर वर्षा का दौर जारी रहा। कभी रिमझिम तो कभी हल्की वर्षा होती रही। इस वर्षा से वातावरण में ठंडक घुल गई। रविवार सुबह से ही नगर सहित क्षेत्र में वर्षा का दौर प्रारम्भ हो गया था। यह वर्षा कभी रिमझिम तो कभी हल्की वर्षा के रूप में होती रही। कुछ समय के लिए तेज वर्षा भी दर्ज की गई। सायं 5 बजे बाद वर्षा का यह दौर थमा लेकिन बूंदा बांदी होती रही। दिनभर हुई वर्षा से जहाँ मौसम में ठंडक घुल गई वही बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। रविवार को हुई वर्षा से यह एहसास हुआ कि वर्षाकाल में सावन माह चल रहा है। क्योंकि रिमझिम वर्षा सावन के सेहरो की याद ताजा कर रही थी।

#### जिले भर की सबसे कम वर्षा नलखेड़ा में

इस वर्ष अभी तक वर्षा के जो आंकड़े आ रहे है उनमें आगर जिले में सबसे कम वर्षा नलखेड़ा तहसील में दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार प्रातः 8 बजे तक आगर जिले में सर्वाधिक वर्षा सोयतकलां में 387.5 मिमी उसके बाद बडौद में 365 मिमी सुसनेर में 356 मिमी आगर में 338 मिमी एवं सबसे कम नलखेड़ा में 280 मिमी (11.02 इंच) वर्षा दर्ज की गई है। तहसील क्षेत्र की औसत वर्षा लगभग 36 इंच मानी जाती है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**नलखेड़ा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 124 वां संस्करण सुना गया। रविवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल नलखेड़ा धरोला व बड़ागाँव के सभी मतदान केंद्रों पर कार्यकर्ताओ व आमजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। नलखेड़ा मंडल के बुथ क्रमांक 191 पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 124 वे संस्करण का लाइव प्रसारण को देखा गया जिसमे वार्ड प्रभारी की रूप मे अर्चना नागर भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री साथ ही, मण्डल उपाध्यक्ष प्रेम बैरागी, वार्ड पार्षद आशा गायरी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चिंतामन गणेश मंदिर में बवाल, धारदार हथियार से पुजारी को धमकाने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार


**सीहोर।** जिले के प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में शनिवार को बवाल हो गया। एक व्यक्ति ने मंदिर के पुजारी को गाली गलौच करने के साथ धारदार हथियार से धमकाने का प्रयास किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले ने कांग्रेस ने भी प्रदेश की मोहन यादव सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में रिश्तेदारी राज नहीं चलेगा।

जानकारी के अनुसार महेश यादव नामक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर गणेश मंदिर के अंदर पहुंचा, जहां पुजारी पृथ्वीवल्लभ दुबे के पुत्र जय दुबे को धारदार हथियार से धमकाने का प्रयास किया गया। वायरल वीडियो में अपशब्दों का प्रयोग भी किया रहा है। इस दौरान काले कपड़े पहने एक व्यक्ति ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, जिसे हमलावर ने दो बार दूर धकेला। महेश यादव ने पुजारी को डराने के लिए बका भी उठाया।

**कांग्रेस ने साधा निशाना, रिश्तेदारी राज का लगाया आरोप :** इस घटना को लेकर कांग्रेस ने मोहन सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर लिखा कि हमलावर महेश यादव खुद को मुख्यमंत्री मोहन यादव का रिश्तेदार बताता है। क्या अब मंदिर भी सुरक्षित नहीं, क्या मुख्यमंत्री के नाम पर अपराधियों को खुली छूट है।

### महिलाओं ने गीतों की धुनों पर देर रात तक नृत्य भी किया

## श्रीराम मंदिर में छप्पन भोग लगा, दी भजनों की प्रस्तुति






**नलखेड़ा।** हरियाली तीज के पावन अवसर पर नगर के मूर्ति श्री राम मंदिर धर्मशाला मंदिर में महिला मित्र मंडल द्वारा प्रभु श्रीराम को 56 भोग लगाकर भजनों की प्रस्तुति दी गई। रविवार को महिला मित्र मंडल द्वारा मन्दिर में प्रभु श्रीराम को 56 भोग लगाकर आरती की गई। जिसके पश्चयात महिलाओं द्वारा ढोलक और झांझ मजीरों के साथ भजनों की प्रस्तुति दी गई। इन भजनों पर महिलाएं भक्ति में डूबकर देर तक नृत्य करती रही। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### छह दिन में 70 किलोमीटर पैदल पहाड़ी और नदियों के मार्ग से पूर्ण किया सफर

## अन्नपूर्णा गिरी ने श्री खंड कैलाश की यात्रा संपन्न की



हरिभूमि न्यूज ▶▶नलखेड़ा

श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरी ( साध्वी वर्षा नागर ) ने हिमांचल प्रदेश में स्थित पाँच कैलाश में से एक सबसे कठिनतम श्री खंड कैलाश की यात्रा संपन्न की इस यात्रा को पूरी करने में उन्हें 6 दिन का समय लगा। जिसमें उन्होंने 70 किलोमीटर की पैदल पहाड़ी मार्ग और नादियों को पार करके श्री खंड कैलाश भगवान के दर्शन किए।

इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री १०८ महंत रवींद्र पुरी जी महाराज एवं अखाडा के महामंडलेश्वरो द्वारा हर्ष प्रकट किया गया। उनका आगमन उनके मां अन्नपूर्णा पीठ आश्रम उज्जैन में गत दिनों हुआ उनके स्वागत के लिए उनके अनुयायी द्वारा एक आयोजन रखा जिसमे कई राज्यों के लोग उपस्तिथ हुए। पूजनीय दीदी जी का आगामी आयोजन चित्रकूट धाम में 30 अगस्त से संपन्न होगा,जिसने मध्य प्रदेश से कई सदस्य भाग लेंगे। ज्ञात रहे की श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरी (साध्वी वर्षा नागर) नलखेड़ा नगर की बेटी है।



### जैन आराधना भवन में उत्तराध्ययन सूत्र पर प्रवचन सुनने उमड़े भक्त

# बच्चों में भारत का भविष्य बसता है, वे देश के भावी रत्न, बचपन से संस्कार बीजरोपण करें: रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶नलखेड़ा




बच्चों में भारत का भविष्य बसता है, बच्चे भारत के भावी रत्न हैं। बचपन से ही बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण होगा तो यहां अपने जीवन में संस्कारों की सुगंध बिखरेगे। यदि हम हमारी युवा पीढ़ी को संस्कार नहीं देंगे तो हमारी संस्कृति व धर्म भी नहीं बचेगा। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू. प्रवर्तिनी महोदया श्री चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्या प.पू. रत्ननिधि श्री जी म.सा. ने रविवार को जैन आराधना भवन में उपस्थित समाज जनों के समक्ष उत्तराध्ययन सूत्र का वाचन करते हुए यहां विचार व्यक्त किये।

साध्वीजी ने कहाकि इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ही हम आत्म विजेता बन सकते हैं आत्मा के परिणाम पतन की ओर ले जाए तथा संसार की वृद्धि करवायें वहा कषाय है। भव भ्रमण को कम करने के लिए हमें मद, कषाय आदि विकारों का त्याग करना होगा। उन्होंने कहाकि पूर्व जन्म के पुण्य की बदौलत व देवगुरु की असीम कृपा से हमें यह लक्ष्मी मिली है। उसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। इसका कितना प्रतिशत हम धर्म कार्य में खर्च कर रहे हैं इस पर हमें विचार करना चाहिए। साध्वी जी ने कहा कि जो दौलत हमें मिली है उसका सही जगह उपयोग कर ले। पुण्यशाली के पास लक्ष्मी आएगी तो वहां उसका सदुपयोग करेगा। यदि लक्ष्मी का सही उपयोग नहीं किया तो लक्ष्मी की तीन गति होती है दान, भोग, नाश। यदि अपनी लक्ष्मी का दान नहीं किया, भोग नहीं किया, तो उस लक्ष्मी का अंत में नाश ही होना है।

साध्वीजी ने कहा कि भारतीय संस्कृति कहती है कि हमें रात्रि में समय पर सोना तथा ब्रह्म मुहूर्त में उठाना चाहिए। लेकिन हम पाश्चात्य संस्कृति को अपनाते हुए देर से सोते हैं व देर से उठते हैं। उन्होंने कहाकि वर्तमान समय में भारतीय संस्कृति को बचाना है तो हमारे बच्चों को संस्कारी बनाना होगा। क्योंकि बच्चों में भारत का भविष्य बसता है, बच्चे भारत के भावी रत्न हैं। बचपन से ही बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण होगा तो यहां अपने जीवन में संस्कारों की सुगंध बिखरेगे। यदि हम हमारी युवा पीढ़ी को संस्कार नहीं देंगे तो हमारी संस्कृति व धर्म भी नहीं बचेगा। साध्वी जी ने कहाकि संसार के कार्यों के लिए तो आपके पास समय है, लेकिन परिवार के साथ बैठकर आपस में बातचीत करने के लिए समय नहीं है। बच्चों को संस्कार देने के लिए समय निकालना होगा। बच्चों को यदि अच्छे संस्कार नहीं दिए तो हमारा भविष्य पतन के गर्त में जाने वाला है।

#### हमें मिथ्यात्व के अंधकार में ले जाने वाला है क्रोध

साध्वी रत्न निधि म.सा. ने कहा कि व्यक्ति जब आक्रोश में होता है तो वहां अपने होश को भूल जाता है। किसी के प्रति हमारा क्रोध हमें मिथ्यात्व के अंधकार में ले जाने वाला है। प्रमाद ही हमारी आत्मा का दुश्मन है। साध्वीजी ने कहाकि आदमी जब बड़ा बन जाता है या किसी उच्चे ओहदे पर पहुंच जाता है तो वहां अपने परिचितों व मित्रों को अपने सामने आने के बावजूद भी भूल जाता है। उन्होंने कहाकि हमारा किसी के साथ मतभेद हो सकता है लेकिन मन भेद मत होने देना। नहीं तो हमारे बीच की दूरियां बढ़ जाएगी। किसी के साथ वैर विरोध की गांठ है तो इसी भव में उसे समाप्त कर लेना। क्योंकि परमात्मा का शासन हमें मिला है तो ह्रदय में क्षमा को धारण कर सभी वैर विरोध को भुला देना चाहिए। नहीं तो जैसे पैसे का ब्याज चलता है उसी प्रकार कर्म का ब्याज चलता जाएगा। इसीलिए कर्मो के कर्ज को यहां पर ही चुका देना चाहिए। उन्होंने कहाकि व्यक्ति पर जब आक्रोश (क्रोध) का भूत सवार होता है तो वहां अपने होश गवा करता है।

## तारकेश्वर महादेव मंदिर नदियों के त्रिवेणी संगम पर विराजित हैं

### मंदिर का ग्वालियर रियासत ने करवाया था निर्माण





हरिभूमि न्यूज ▶▶नलखेड़ा

नगर से करीब 15 किलो मीटर दूर त्रिवेणी संगम पर स्थित क्षेत्र का प्रसिद्ध तारकेश्वर महादेव मंदिर श्रृद्धालुओ की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। यह क्षेत्र कभी ग्वालियर रियासत का हिस्सा था। मंदिर निर्माण के सम्बंध में मान्यता है की ग्वालियर राजघराने के श्रीमंत सरकार जीवाजीराव के द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया था। मोडी के समीप ग्राम ताखला में लखुंदर,कालीसिंध तथा भाटन नदी का त्रिवेणी संगम होने से इस स्थान का विशेष महत्व माना जाता है। श्रावणमास में इस त्रिवेणी संगम पर भक्तो की भीड उमड़ती है। इस प्राकृतिक स्थल की आकर्षक छटा पर्यटको को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ यहा आने वाले लोगो का मनमोह रही है। त्रिवेणी संगम पर आकर मिलने वाली लखुंदर, कालीसिंध ओर भाटन तीनो नदियो के जल का दृश्य देखते ही बनता है। सावन में पहाडी से कल- कल बहता झरना भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचता है। इसी संगम के समीप कालीसिंध नदी के तट पर पूर्व दिशा में तारकेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर का शिवलिंग स्वयंभू होकर बडे आकार का है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के शिवलिंग के समान ही यहां शिवलिंग स्थापित है। शिवलिंग के चारो ओर पीतल के कवच की जलाधारी लगी हुई है। ताखला में प्रति वर्ष कार्तिक पुर्णिमा पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाता है। युवतीया अच्छे वर की प्राप्ती के लिए द्वीप जलाकर कालीसिंध नदी की पूजा- अर्चना भी करती है।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल छीना तो किशोर ने लगाई फांसी



**देवास।** शहर के नई आबादी में रहने वाले 14 वर्षीय किशोर ने मोबाइल न देने के चलते फांसी लगा ली और अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। जिला अस्पताल में रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी अनुसार नई आबादी में रहने वाले तेजस केयल नाम के किशोर ने मोबाइल न देने के चलते फांसी लगा ली। जिला अस्पताल में परिजनों ने बताया कि वह मोबाइल में गेम खेल रहा था और घर वालों ने उसे मोबाइल छीन लिया जिसके चलते वह अपने कमरे में चला गया और कुछ समय बाद उसने फांसी लगा ली। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### माल चुराने वाले पांच आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**देवास।** टोंककला चौकी पुलिस ने ट्रक से ऑनलाइन शॉपिंग का सामान चुराने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 11 जुलाई 2025 को थाना टोंकखुर्द की चौकी टोंककला पर एक फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।फरियादी अनुसार, मिशो कंपनी का सामान भरकर सूरत के लिए निकला ट्रक टोंककला के राज दरबार होटल के पास एबी रोड पर रुका था। वहां अज्ञात बदमाशों ने ट्रक का पिछला गेट खोलकर मिशो कंपनी के ऑनलाइन शॉपिंग के 53 कट्टे चुरा लिए थे। अब चोरी का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जो इसी चोरी हुए सामान का बताया जा रहा है।इस मामले में थाना टोंकखुर्द पर अपराध दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में नरेंद्र पिता चौहानिया हाडा निवासी सामगी, पंकज पिता रमेश सिसोदिया निवासी सामगी, राजमल पिता रामेश्वर हाडा निवासी सामगी, रविंद्र पिता दुलेसिंह हाडा निवासी इलासखेड़ी थाना पीपलरवा और कल्लू उर्फ कल्ला पिता मनोहर झांझा निवासी पांदा शामिल हैं।

### एमपीईबी के आउटसोर्स कर्मचारी महेंद्र की डीपी पर काम करने के दौरान करंट लगने से हुई थी मौत

# पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने परिजनों ने सड़क पर महेंद्र का शव रखकर किया चक्का जाम, आश्वासन के बाद माने





विद्युत मंडल की बड़ी लापरवाही के कारण परमिट लेने के बाद भी विद्युत लाइन में काम करते हुए कर्मचारी महेंद्र आया करंट की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर में विद्युत मंडल की बड़ी लापरवाही के कारण शनिवार दोपहर आउटसोर्स कर्मचारी महेंद्र सिंह दरबार की करंट लगने से मौत हो गई थी,जिसको लेकर रविवार सुबह पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर चापड़ा चौराहे पर शव को रखकर विरोध प्रदर्शन किया गया। परिजनों का कहना था कि विद्युत मंडल की लापरवाही ने परिवार का चिराग बुझा दिया और महेंद्र के बेटो के सर से बाप का साया छीन लिया। मृतक के दो बेटे हैं एक तीन वर्ष एवं एक छह वर्ष का है, जों कि कुछ समझ ही नहीं पा रहे थे कि उनकी आंखों के सामने यह सब कुछ क्या हो रहा था। जानकारी अनुसार आउटसोर्स कर्मचारी महेंद्र उर्फ़ नाना दरबार लगभग 12 वर्ष से विद्युत मंडल में कार्यरत था। आउटसोर्स होने के कारण महेंद्र का मुख्य कार्य मीटर रीडिंग और बिल बांटने का था, लेकिन विद्युत मंडल द्वारा नियमों को ताख पर रखकर बिजली संबंधित कार्य भी कराए जा रहे थे, और उसी के चलते मृतक महेंद्र बिजली कार्य करने के लिए गया था। रविवार सुबह पीड़ित परिवार के सदस्य ,करणी सेना कार्यकर्ता एवं नगर के सभी नागरिक गणों ने संयुक्त रूप से मृतक महेंद्र के शव को इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित चापड़ा चौराहे पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर का पूरा बाजार बंद रहा। बता दे की चौराहे पर लंबे अरसे के बाद किसी व्यक्ति के शव को रखकर विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस दौरान पीड़ित परिवार की ओर से करणी सेना परिवार के सदस्यों व पदाधिकारीयो द्वारा प्रशासन के सामने एक करोड़ की सहायता राशि एवं मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई।



#### परमिट के बाद लाइन में कैसे आया करंट

इंदौर रोड पर स्थित गुराडिया फाटे पर खराब बिजली की केबल को सुधारने के दौरान करंट लगा और उसकी मौत हो गई। हालांकि पीड़ित परिवार का कहना है कि परमिट होने के बावजूद भी कैसे बिजली चालू हो गई, यह जांच का विषय है। हालांकि इतना बड़ा मामला होने के बावजूद भी कोई भी वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।

#### तहसीलदार ने दिया आश्वासन

चक्का जाम के बाद तहसीलदार नीरज प्रजापत मौके पर पहुंचें और शव के पास बैठकर पीड़ित परिवार एवं करणी सेना के पदाधिकारी से उनकी मांग को लेकर विस्तार चर्चा की। इस दौरान विद्युत मंडल के डीई निमेष कुमार एवं बागली तहसीलदार नीरज प्रजापत, थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर, सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया चापड़ा चौराहे पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इसके बाद उन्हें लिखित में आश्वासन दिया कि मृतक के परिजन को 10 लाख की आर्थिक सहायता एवं एक लाख की विशेष सहायता दी जाएगी। मामले में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### आश्वासन के बाद किया अंतिम संस्कार

आश्वासन के बाद महेंद्र के शव का अंतिम संस्कार किया गया। तहसीलदार नीरज प्रजापत थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर, सहायता केंद्र प्रभारी राकेश नरवरिया भी शव यात्रा में सम्मिलित हुए, लेकिन विद्युत मंडल के अधिकारी निमेष कुमार अपने विभाग के कर्मचारी के अंतिम संस्कार में सम्मिलित ही नहीं हुए ओर मौके से चले गए। आश्चर्य की बात यह है कि इस मामले को लेकर चौराहे पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन करने को लेकर शनिवार शाम से ही सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल हो रही थी। करणी सेना द्वारा भी अपने सोशल मीडिया पर इसकी पोस्ट की गई थी, जिसके बाद भी प्रशासन की नींद नहीं खुली और समय रहते नहीं संभले। इतना बड़ा मामला होने के बावजूद भी एसडीएम एवं क्षेत्र के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों ने इस पूरे मामले से दूरी बनाए रखी। इससे प्रशासन का सूचना तंत्र कहीं ना कहीं विफल साबित होता दिखाई दिया। रविवार सुबह लगभग 9 बजे शव को चापड़ा चौराहे पर रखा गया और 11 बजे तक प्रदर्शन किया गया। लगभग 2 घंटे तक चौराहे पर आवागमन पूरी तरह बंद रहा। साथ ही चापड़ा चौराहा सहित पूरा बाजार नगर वासियों ने स्वेच्छा से सुबह से ही बंद रखा। चौराहे पर से विरोध प्रदर्शन खत्म होने के बाद ही बाजार खुले।



#### कर्मचारी से लिया जोखिम भरा काम

बताया जाता है कि आउटसोर्स कर्मचारी को सिर्फ रीडिंग लेना , बिजली बिल वितरण करना है साथी लाइनमैन के साथ सहयोग करना है। बिजली के कार्य करने के लिए बिजली पोल या अन्य ट्रांसफार्मर पर चढ़ने का काम आउटसोर्स कर्मचारी का नहीं है। लेकिन विद्युत मंडल में यह धांधली लंबे समय से चलती आ रही है। और इसका शिकार आउटसोर्स कर्मचारी हो रहे हैं। इस घटना को लेकर करणी सेना परिवार के पदाधिकारी में काफी आक्रोश देखा गया और इस घटना के बाद विद्युत मंडल चापड़ा पर पदस्थ अन्य कर्मचारी भी भूमिगत हो गए। लगभग 2 घंटे तक चौराहे पर आवागमन बंद रहा चारों मार्ग पर जाम लगा हुआ था, इसके दौरान इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग एवं बागली देवास मार्ग पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गई, विद्युत मंडल के खिलाफ चौराहे पर उपस्थित सभी लोगों ने जमकर नारेबाजी की, इस दौरान तीन बार भिड़ में से एम्बुलेंस को निकाल ने का रास्ता दिखा गया, साथ ही तीन बार अन्य वाहनों में पेशेंट होने के कारण उन्हें भी निकाल गया। इस दौरान करणी सेना परिवार तहसील अध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह सिसौदिया, रोहित राजपूत, भगवान सिंह झाला, गिरधर शुक्ला,देवेन्द्र सिंह राजपूत,चेतन सिंह राजपूत,चेतन सिंह झाला, संजय वैष्णव, अंकुश राजपूत, नाना वैष्णव, टोनी जैन, गणेश पटेल, आकाश राजपूत, युवराज सिंह राठोड़,शुभम सिंह राठौड,चेतन सिंह राजपूत,राजपाल पंवार, पुर्व सरपंच रघुनाथ सिंह चौहान,गौरव दुग्गड,चेतन सिंह दरबार सहित नगर से बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद रहे। करणी सेना के चन्द्रपाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि विद्युत मंडल की लापरवाही से यह हादसा हुआ है, उक्त परिवार का एकलौता चिराग बुझा है, प्रशासन ने आर्थिक सहयोग व निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है, करणी सेना परिवार पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। मामले में कमलापुर थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि इस मामले में परिजनों से चर्चा कर वरिष्ठ अधिकारों के मार्गदर्शन में प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

#### पीड़ित परिवार की करेंगे मदद

बहुत ही दुखद घटना है, इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा की गई है विद्युत मंडल के माध्यम से जो भी सहायता पीड़ित परिवार को दी जा सकती है। वह सहायता दिलाई जाएगी। मामले की जांच कर लापरवाही करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

**नीरज प्रजापत,** तहसीलदार बागली

## खरेली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता राकेश सिंघल ने रविवार को ग्राम खरेली के बूथ क्रमांक 10 में ग्रामवासियों, पार्टी पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश किया। इस अवसर पर सिंघल ने लोगों से अपील की कि वे भी अपने जीवन की सबसे प्रिय मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें।एक दिन निश्चित तौर से इसका लाभ हर व्यक्ति को मिलेगा।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में सहायक हैं, बल्कि समाज में भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा करते हैं।यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। पौधारोपण के बाद सिंघल ने सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124 वें संस्करण के जरिए राष्ट्र के नाम संबोधन को सुना।इस अवसर पर भाजयुमो टोंकखुर्द महामंत्री नीतेश पटेल, आशीष केलोदिया, मनोहर मुकाती, कैलाश केलोदिया, दशरथ सिंह राठौड़, जगदीश बरनासिया, तेजकरण चौहान, रतन सिंह सोलंकी, सुरेश सुनानिया, गिरधारी लाल सोलंकी, मुकेश ज़वरिया, जितेंद्र सोलंकी सहित ग्रामीणजन एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा







इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम बेडामऊ के नजदीक रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार खातेगांव निवासी एक परिवार स्विफ्ट कार से इंदौर से खातेगांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान हाइवे मार्ग पर स्थित ग्राम बेड़ामऊ में अनियंत्रित होने के कारण कार सड़क किनारे स्थित पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार टकराने के बाद पलटी खा गई, पलटी खाने के बाद कार पूरी तरह दब गई। इस दौरान कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और कार में फंस गए। बताया जा रहा है कि उक्त परिवार सालासर बालाजी से अपने घर लौट रहे थे,उसी दौरान हादसे का शिकार हो गए।हादसे के दौरान आई आवाज को सुनकर ग्राम बेड़ामऊ के लोग मौके पर पहुंचे और गाड़ी में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलने पर डायल हंड्रेड पायलट संजय उपाध्याय, करनावद डायल हंड्रेड पायलट राहुल पटेल मौके पर पहुंचे और घायलों को शासकीय अस्पताल बागली ले जाया गया। ग्राम बेड़ामऊ निवासी बंटी सेंधव ने बताया कि हम सब लोग सड़क के पास खड़े हुए थे हादसे के दौरान तेज टकराने की आवाज आई आवाज सुनते ही मोड़ सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, विजेन्द्र सिंह सेंधव, मुकेश शर्मा, सुमेर सिंह सेंधव, सोनू खान, विकास यादव भाग कर मौके पर पहुंचे तो गाड़ी पूरी तरह पलटी हुई पड़ी थी जिसे सीधा कर के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकल गया। चालक बुरी तरह स्टेरिंग में फस गया था। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद उक्त चालक को बाहर निकाल डायल हंड्रेड की मदद से अस्पताल पहुंचा है। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया है कि घायलों को शासकीय अस्पताल बागली लाया गया था, जहां पर तीन की मौत होने की पुष्टि डॉक्टर द्वारा की गई। हादसे में अभिषेक पिता गोपाल शर्मा आयु 37 वर्ष, सुनीता पति गोपाल शर्मा आयु 57 वर्ष, नेहा पति अभिषेक शर्मा 35 वर्ष की मृत्यु हो गई एवं लोकेश पिता रामचंद्र 62 वर्ष, अमितेष पिता गोपाल आयु 35 वर्ष घायल हो गए हैं। जिन्हें इंदौर रैफर किया गया है। हादसे में मृतको का सामना मौके पर पड़ा हुआ था, जिसमें मानवता निभाते हुए एक सोने की चेन व एक किमती हाथ घड़ी घटना स्थल पर आए परिजनों को सौंपी गई। ग्रामीणों ने बताया कि गाड़ी पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण सब्बल व कटर से काटकर, ट्रेक्टर से खींच कर गेट तोड़ कर और कांच फोड कर सभी को बाहर निकाला गया। उपेंद्र नाहर ने बताया कि मामले में तीनों शवों का पीएम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### भाजपा ने किया कारगिल विजय दिवस की संध्या पर वीरों को नमन

# जिले के पूर्व सैनिकों का सम्मान कर कृतज्ञता प्रकट की







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को कारगिल विजय दिवस की संध्या पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सयाजी द्वार पर एक श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को नमन किया गया। साथ ही सुरक्षा क्षेत्र में सेवारत पूर्व सैनिकों का सम्मान कर उन्हें उनके योगदान के लिए कृतज्ञता प्रकट की गई।कार्यक्रम की शुरुआत मोमबत्तियां जलाकर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित सभी जनों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों को याद किया और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत वातावरण में एकजुट होकर देश सेवा के संकल्प को दोहराया।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सैन्य शौर्य का प्रतीक है। हम उन वीरों के सदैव ऋणी रहेंगे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा की। यह दिवस हमें प्रेरणा देता है कि हम राष्ट्र के लिए हर परिस्थिति में समर्पित रहें और सैनिकों के सम्मान को जन-जन तक पहुँचाएं।समारोह में विशेष रूप से दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव, रवि जैन, रायसिंह सेंधव, ओम जोशी, भरत चौधरी, मनोहर जाधव, सुरेश सालोदिया, शुभ चौहान, दीपक बैरागी, मिलिंद जाधव, दुर्गेश चिल्लोरिया, भरत व्यास, मुकेश मोदी, यशवंत तिवारी, संदीप रामटेके, राहुल गोस्वामी, धीरेन्द्र दवे, अमित डेविड, आनंद चौधरी, मधु शर्मा, जुगनू गोस्वामी, नीतू जाधव, अजय सेंधव, आलोक साहू, कुशल राठौर, शरद चंद्रावत, रूपेश चौरसिया, अजय पहाड़िया, सोन झाला, विजय सिंह पवार, दीपक अकोदिया, राहुल कौशल, आकाश यादव और राजू सोनी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में मंडल महामंत्री दुर्गेश चिल्लोरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा मिसाइल मैन और भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट शेख अलीम के निर्देशानुसार कार्यक्रम में डॉ. कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही एक पौधा कलाम के नाम लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कल्याण सिंह, अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद शेख गोलू हाजी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे। चौधरी ने अपने संबोधन में कलाम के प्रेरणादायक विचारों को युवाओं तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर सलमान बैग, भादर अली, नौशाद, राजिक, मुदस्सर अली, रूपेश पटेल, राजा, समीर, सोहेल अली, एजाज शेख, सोहेल सवेरा, आरिफ अली, किफायत अली, फरीद खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। शहर की जनता से अपील की गई कि वे अपने घर, आंगन या बगीचे में एक पौधा कलाम के नाम लगाकर डॉ. कलाम को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## खबर संक्षेप



### मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए : आप

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को स्कूल मर्जर बंद करो मधुशाला नहीं पाठशाला चाहिए आंदोलन के तहत विभिन्न मर्जर और बंद हुए स्कूलों के सामने मजीरे और शंख बजा कर अपना विरोध दर्ज किया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन, जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., जिला महासचिव अनुप ताम्रकार, नगर अध्यक्ष मीणा राजा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद नामदेव एड., महेंद्र पाराशर एड., अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेशराम रजक, जिला मंत्री रमेश झा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बुद्ध सिंह बुंदेला, भुवन अग्रवाल उपस्थित रहे।

### मारपीट करने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम कन्धारीखुर्द निवासी करन प्रताप सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 25 जुलाई की शाम करीब 8 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था, तभी गांव के सोनू पुत्र जगदेव, मोनू पुत्र पूरन सिंह, पूरन सिंह पुत्र छोटे राजा, जयहिन्द सिंह पुत्र जगदेव सिंह ठाकुर एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### हस्त शिल्पी प्रजापति की जयंती पर साक्षात्कार कल

**ललितपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत प्रशिक्षण एवं टूलकिट हेतु पारंपरिक ट्रेडों यथा दर्जी, नाई, बढ़ई, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, धोबी के कारीगरों/हस्तशिल्पियों के द्वारा विभागीय पोर्टल पर अब तक प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष स्कूटनी-कम-साक्षात्कार 28 जुलाई पूर्वाह्न 11 बजे से कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, स्टेशन रोड, ललितपुर में होना सुनिश्चित है। अतएव जिन अभ्यर्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत उक्त पारंपरिक ट्रेडों में प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया गया हो वह अपने मूल दस्तावेजों के साथ-साथ एक प्रति के साथ साक्षात्कार में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

### रक्तदान कर 14 माह के बच्चे को दिया जीवन

**ललितपुर ।** निजी चिकित्सालय में उपचार करा रहे 14 माह का बच्चा



अक्षय मालवीय भर्ती था। चिकित्सकों ने परिजनों को अर्जेंट ब्लड की व्यवस्था करने को कहा बच्चे के परिजन ब्लड बैंक पहुंचे तो माता-पिता सहित अन्य परिजनों ने अपने ब्लड ग्रुप की जांच कराई दुर्भाग्यपूर्ण किसी का भी 14 माह के बच्चे के ब्लड ग्रुप से मैच नहीं हुआ और परिजन काफी चिंतित हो गए नीरज मिश्रा ने समाजसेवी कन्हैया लाल रजक से संपर्क किया और समिति के सदस्यों के साथ रात्रि मे हो रही भीषण बारिश मे प्रवेंद्र श्रीवास्तव प्रधान सहायक लिपिक (जिलाधिकारी कार्यालय) से संपर्क किया रक्तदाता एवं समिति के सदस्य तुरंत ब्लड बैंक पहुंचे और प्रवेंद्र श्रीवास्तव ने परिवार की समस्या और बच्चों को बच्चों के जीवन की महत्वता को समझते हुए पांचवीं बार रक्तदान किया । बच्चे के परिजनों ने रक्तदाता सहित समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया वही रक्तदाता प्रवेंद्र श्रीवास्तव ने रक्तदान करने के बाद जय अंबे रक्तदान समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनहित मे जरूरतमंदों को अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वास्थ्य रहता है भविष्य मे होने वाली अनेक गंभीर बीमारियों से भी बचाव होता है हमारे रक्त से किसी को दूसरा जीवन मिलता है इससे और बड़ा पुनीत कार्य दूसरा नहीं।

### एसपी ने केंद्रों पर जाकर देखी सुरक्षा व्यवस्था

# ललितपुर में 37.91 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी आरओ, एआरओ की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा) परीक्षा रविवार को ललितपुर के ग्यारह केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक की बेहद सटीक कार्ययोजना और अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के चलते प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुयी।

परीक्षा के लिए निर्धारित समय सुबह 9.30 बजे से करीब ड़ेढ़ घण्टे पहले अभ्यर्थियों ने अपने-अपने केन्द्र पर परीक्ष देने के लिए आमद दर्ज करायी। केन्द्रों पर मौजूद स्टाफ द्वारा अभ्यर्थियों की जांच की गयी। जांच के दौरान पुरुष अभ्यर्थियों से



घड़ी, चैन के साथ हाथ में बंधा कलावा भी उतरवाया गया तो वहीं महिला अभ्यर्थियों से कान की बाली, पांच के बिछिया और सोने-चांदी के आभूषणों को भी उतरवाया गया।

मुख्य गेट से चेकिंग के उपरान्त सभी अभ्यर्थी केन्द्र में बने कक्षों में पहुंचे, जहां उन्होंने निर्धारित समय से परीक्षा शुरू की। जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों द्वारा समय-समय पर परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया तो वहीं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक एक्टिव मोड में नजर आये। उन्होंने अपनी टीम के साथ विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा 4416के सापेक्ष में1674 ने दी

### 11 परीक्षा केंद्र बार स्थिति

जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 11 केन्द्र बनाये गये थे। इनमें जीआईसी ललितपुर में कुल अभ्यर्थी 480 के सापेक्ष 177 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 163 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नेमवि पार्ट-1 में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 163 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 221 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नगर पालिका इण्टर कॉलेज में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 151 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 233 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 148 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 236 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 158 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 226 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जीजीआईसी में कुल अभ्यर्थी 480 के सापेक्ष 207 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 273 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। नेमवि पार्ट-2 में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 144 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 240 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डॉन बास्को एकेडमी में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 153 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 153 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। संस्कार बैली एकेडमी मसौराकलां में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 136 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 136 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एसडीपीएस इण्टरनेशनल स्कूल में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 138 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 246 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहलवान गुरूद्दीन पब्लिक स्कूल पनारी में कुल अभ्यर्थी 384 के सापेक्ष 99 परीक्षार्थी उपस्थित हुये, जबकि 285 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल अभ्यर्थी 4416 के सापेक्ष 1674 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2742 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल उपस्थित परीक्षार्थियों का आंकड़ा 37.91 प्रतिशत रहा।

### शिक्षा मित्रों ने मनाया काला दिवस



## काली पट्टी बांधकर विद्यालयों में जताया अपना विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय आवाहन पर जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस के नेतृत्व में जिले में काली पट्टी बांधकर विद्यालयों में काला दिवस के रूप में शिक्षण कार्य किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक आदेश ने प्रदेश के लाखों शिक्षा मित्र आहत हो गए।

मानसिक तनाव से इन 8 वर्षों में प्रदेश के लगभग 12000 से अधिक शिक्षा मित्र काल के गाल में समा गए थे। आज शिक्षा मित्रों का परिवार खून के आँसू रो रहा है। क्योंकि सरकार ने 8 वर्षों में एक भी वेतन की बढ़ोतरी नही की। आज शिक्षा मित्रों का परिवार घुट घुट को जीने को मजबूर है। अतएव प्रदेश शिक्षा मित्र मुख्यमंत्री से आह्वान किया है कि शिक्षा मित्रों की समस्या का निराकरण की जाये।

शिक्षा मित्रों ने शांति पूर्ण ढंग से काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया। सभी ब्लॉक अध्यक्षो की अगुवाई में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, जिला प्रभारी सुदामा प्रसाद दुबे, बृजेश टोटे, शेरसिंह यादव, अशोक सिंह चन्देल, ज्योतिप्रकाश खरे, हाकिम पाल, भरत सिंह राजपूत, दिनेश राजपूत, राघवेंद्र सिंह चौहान, दीपक तिवारी, अशोक शर्मा, मनोज कुमार, अटल मिश्रा, राजेश कुमार, रामप्रसाद सेन, रामस्वरूप निरंजन, दुलीचन्द अहिरवार, महेंद्र दीक्षित, महेश सिंह, सोन सिंह, वंदना पाठक, सुरेश मेनवार, आशाराम, हरिप्रकाश, विनोद कुमार, सकुन बाई, शंकर लाल, हाकिम सिंह, मोतीलाल विश्वकर्मा, बृजलाल, यादवेंद्र सिंह बुन्देला, मनीष जैन, हरिशंकर तिवारी, सतानन्द नायक, सुरेश, राजेश्वरी, हरिराम कुशवाहा, कमलेश, रमेश कुमार, बृजेश तिवारी, संतोष सेन, जनकसिंह लोधी, मालती, बलदेव सिंह, राकेश शर्मा, राजेश नायक, गजेंद्र सिंह बुन्देला आदि उपस्थित रहे।

### एसपी को बुन्देलखंड रत्न से किया सम्मानित

## युवाओं में नशा की प्रवृत्ति पारिवारिक समस्याओं से बढ़ रही आत्महत्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में व्याप्त विभिन्न समस्याएं मसलन बढ़ती हुई आत्महत्याएं, युवाओं में नशे की प्रवृत्ति, साइबर क्राइम जैसी ज्वलंत समस्याओं को लेकर नेहरू महाविद्यालय के तुलसी सभागार में बुन्देलखण्ड विकास सेना, लायंस क्लब तथा नेहरू महाविद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के मुख्य आतिथ्य में एक संवाद संगोष्ठी आयोजित की गई।

अध्यक्षता नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने की तथा विशिष्ट अतिथि नेहरू महाविद्यालय प्रबंधक प्रदीप चौबे तथा लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321के मंडल अध्यक्ष सन्मति सराफ रहे। इस दौरान संयोजक हरीश कपूर टीटू के द्वारा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक को बुन्देलखण्ड रत्न सम्मान से नवाजा गया। संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर आसीन सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वल कर विधिवत शुभारंभ किया एवं राष्ट्र को सम्मान देते हुए राष्ट्रगान का भी गान किया गया। तत्पश्चात मंचासीन सभी सम्मानित अतिथियों का बुंदेलखंड विकास सेना के



सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी मो.मुश्ताक ने कहा कि जनपद ललितपुर अत्यंत गरीब, पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, यहां पर आर्थिक असमानताएं होने की वजह से, शिक्षा की कमी से, जागरूकता कम होने की वजह से आत्महत्याओं, नशा और जल्द धनवान बनने की चाहत में साइबर अपराधों का भी ग्राफ बढ़ रहा है। उन्होंने शिक्षा के मंदिरों से लेकर आम जनता को इन गंभीर समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे। इस तरह की घटनाएं न हो सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा का योगदान, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार।

### किडी पब्लिक स्कूल में मनाया गया हरियाली तीज उत्सव

## हरियाली तीज पर महिलाओं ने लिया संकल्प, संस्कारों में रहकर परिवार को संस्कारिक बनना हैः अंजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

किडी पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का त्योहार बड़े ही धूमधाम और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधालय को शिक्षिकाओं द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीके से सजाया गया। और आकर्षक सेल्फ़ी ज़ोन भी बनाए ।

स्कूल की प्रिन्सपल श्रीमती अंजली त्रिवेदी ने अपनी सामाजिक परंपराओं को कायम रखते हुए हरियाली तीज त्योहार के महत्व के बारे में सभी को बताया। कहा कि हरियाली तीज पर माता पार्वती ने शिव को अपनी भक्ति के प्राप्त किया था इस त्यौहार को हरियाली तीज के रूप में महिलाएं अपने पतियों के उज्जवल भविष्य और अपने सुहाग के लिए समर्पित करती है इस त्यौहार में सुहागिन महिलाएं एक दूसरे को सुहाग की वस्तुएं भेंट करके हरियाली तीज का त्योहार हर साल इसे तरह से मनाती है इस कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयीं। कार्यक्रम में विध्यालय की सभी शिक्षिकाओं सहित बच्चों की



मम्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी का स्वागत माथे पर टीका लगाकर व हाथों मे हरी चूड़ियाँ पहनाकर किया गया। इसके बाद सभी ने अपने हाथों में मेहंदी लगवाई और तीज के गानों पर डांस किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का जिनमें हरियाली तीज कंवीन, मैचिंग क्वीन, तंबोला और हमारा खजाना जैसी प्रतियोगतायें प्रमुख हैं, का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरुस्कार दिए गए। परिणाम में अनीता राजपूत को हरियाली तीज क्वीन और मैचिंग क्वीन, ऋचा तिवारी, तंबोला और ममता, हमारा खजाना प्रतियोगिता की विजेता रहीं। इस अवसर पर उमा द्विवेदी, रश्मि द्विवेदी, आस्था त्रिपाठी, आकांक्षा, अंशिका, शिवानी, वंदना, सीमा, अंजली, हर्षा, वंदना, रेवती, सरोज सहित स्कूल के सभी सदस्य एवं आमंत्रित सभी प्रतिभागी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के साथ समारोह का समापन किया गया। हरियाली तीज के इस पावन पर्व पर पधारे सभी आगंतुकों का विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर जगदीश द्विवेदी ने सभी को बधाई देते हुए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश में संगठन सर्जन के कार्यक्रम चलाए जा रहे

## मंडल की कमेटियां बनाई जानी है, 20 बूथों पर 21 लोगों की टीम बनाएंगेः आदित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संगठन सर्जन बैठक जोनल प्रभारी प्रदीप जैन आदित्य पूर्व केंद्रीय मंत्री जिला प्रभारी कुंवर मुकुट सिंह बलवान सिंह यादव के मुख्य अतिथि में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ दयाराम रजक ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने किया बैठक को संबोधित करते हुए आदित्य ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन सजन के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इस अभियान के तहत सारे ब्लॉक अध्यक्ष बनने के बाद मंडल अध्यक्षों का गठन किया जाना था परंतु ललितपुर में मंडल अध्यक्षों का गठन किया जा चुका है आप मंडल की कमेटियान बनाई जानी है जिसमें मंडल में अपने अधीनस्थ 20 बूथो पर 21 लोगों की टीम बनाई जाएगी तथा बूथों पर 11 कार्यकर्ताओं की टीम बनाई जाएगी हर बूथ पर कांग्रेस के 11 कांग्रेसी सिपाही मौजूद रहेंगे कांग्रेस आगामी चुनाव पूरे दम काम के साथ और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से तालमेल मिलाकर लड़ेगी आगामी पंचायत चुनाव में सारी सीटों पर कांग्रेस अपनी प्रत्याशी उतारेगी बैठक के दौरान ग्राम भाटा तरावली सिमरिया इमलिया कला की मंत्री जी से मिले और उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसमें किसानों किसने की भूमि चीनी का आरोप लगाते हुए किसानों ने बताया कि मंत्री जी हम पिछले कई दशक से अपनी जमीन पर खेती करते चले आ रहे हैं जब से चकबंदी आई है उन्होंने हम लोगों को बेघर करने के लिए किसानों की भूमि को हड़पना चाहते हैं आज किसानों की हालत यह है की अधिक वर्षा के कारण खेतों में पानी भरा हुआ है उनके बीच और दवाई नष्ट हो गए हैं और घर पर खान की व्यवस्था नहीं है उन्होंने प्रशासन से भी मांग की सभी किसानों को मुआवजा दिलाया जाए



जिससे बच्चों के पेट भर सके इस दौरान प्रभारी सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्ष की टीम में सभी वर्गों का ध्यान रखा जाएगा जिसमें जिला कार्यकारिणी और ब्लाक कार्यकारिणी जैसे ही आरक्षण का ध्यान रखते हुए कमेटियों का गठन किया जाएगा जिसमें महिलाओं का 20% आरक्षित रहेगा सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारीयों को समयबद्ध तरीके से मंडल की कमेटियों के गठन एवं बूथ कमेटियों के गठन का निर्देश दिए अंत में अध्यक्षता करते हुए श्री रजक ने कहा कि सभी कांग्रेसी एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे श्री राहुल गांधी प्रियंका गांधी प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मजबूत करने के लिए मंडल और बूथ कमेटी का गठन करना आवश्यक है सभी लोग मिलजुलकर कम करें कांग्रेस एक परिवार की तरह है हम लोगों को अपने परिवार में एकजुट होकर रहना है और हम हर कांग्रेस कार्यकर्ता की सुख-दुख में साथ में खड़ी रहेंगे आज समय है के सभी कांग्रेसी गठन में सहयोग करने का कष्ट करें इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने सभी का आभार जताया बैठक में जसपाल सिंह बंटी, जिला उपध्यक्ष पंकज हुंड़ेत संजीव चौरसिया नगर अध्यक्ष महरोनी राकेश सेन,ब्लॉक अध्यक्ष दीपक रैकवार सुरेंद्र सेन बृजेश शांडील रतिराम कुशवाहा एडवोकेट शंभू सेन अमीरचंदर गिरजा शंकर राय इमरान राम सिंह यादव अजय तोमर आदि मौजूद थे।

### जीजीआईसी तालबेहट में पोस्टर प्रदर्शनी लगाई

**ललितपुर।** राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शामिल हुये बच्चों के बीच पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। इस दौरान 50 बच्चों को गौरैया घर देकर पुरस्कृत किया गया एवं सर्टिफिकेट वितरण मुख्यातिथि द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भूपेंद्र सिंह एसडीएम तालबेहट, पुनीत सिंह परिहार नगर पंचायत अध्यक्ष तालबेहट एवं अनिल कुशवाहा शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक तालबेहट उपस्थित रहे। एसडीएम ने कहा कि यह एक जन चेतना का महान कार्य है और बच्चों को इस में जोड़कर एक नया अध्याय पुनः स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बताया ही वह खुद साक्षी हैं कि किस तरीके से आज नन्ही गौरैया का अस्तित्व संकटग्रस्त है लेकिन बहुत जरूरी है गौरैया को बचाना। बच्चों ने बारीकी से गौरैया व पर्यावरण संरक्षण के तरीके सीखे एवं हस्त निर्मित घोंसला बनाना सीखा एवं प्रतिज्ञा की कि हम प्रकृति के बचाव में अपनी अहम भूमिका अवश्य निभाएंगे एवं अपने घरों पर गौरैया के घर अवश्य लगाएंगे।

### श्रद्धालुओं ने किया 25 हजार श्री दुर्गा चालीसा के पाठ

## 20 लाख पार्थिव शिवलिंग का किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर चल रहे सवा पाच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में रविवार को श्रद्धालुओं,में बच्चो से लेकर बड़े बुजुर्गो तक ने 25 हजार सामूहिक श्री दुर्गा चालीसा का पाठ किया। सामूहिक पाठ अनंतविभूषित श्री चंडीपीठाधीश्वाराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चंद्रेश्वरगिरी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने 20 लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। अपरान्ह में पार्थिव शिवलिंग का श्री रूद्रमहाभिषेक वैदिक ब्राहम्मणों द्वारा कराया गया।

वहीं शिवमहापुराण की कथा सुनाते हुए महाराज जी ने कहा कि जिसका मन वश में है, जो राग-द्वेष से रहित है, वही स्थायी प्रसन्नता को प्राप्त करता है। जो व्यक्ति अपने मन को वश में कर लेता है उसी को कर्मयोगी भी कहा जाता है। इस संसार में मनुष्य दो प्रकार के हैं - एक तो दैवीय प्रकृति वाले, दूसरे आसुरी प्रकृति वाले। इसी तरह से हमारे मन में भी दो तरह का चिंतन चलता है-



सकारात्मक एवं नकारात्मक चिंतन। सकारात्मक सोच वाले खुश और नकारात्मक सोच वाले दुखी देखे जाते हैं। हमारी सोच ही हमें सुखी और दुखी बनाती है। हम जैसा सोचते हैं, वैसे ही हो जाते हैं। हमारी सोच या चिंतन जैसा होता है, वह हमारे चेहरे पर, हमारे व्यवहार में, हमारे कार्यो में दिखने लगता है। जब हमारे अंदर भय और शंकाएं प्रवेश कर जाती हैं तो वह हमारी आंखों व हमारे हावभाव से पता चलने लगता है और हमारे भीतर जब खुशियां प्रवेश करती हैं।

### जीवन में एकाग्रता के लिए एकांत जरूरी- निर्भय सागर महाराज

## गृहस्थ को आय का 10 प्रतिशत दान करना चाहिएः आचार्य श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जैन संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने धर्मसभा में कहा जीवन में एकाग्रता बढ़ाने के लिए एकांत में रहना चाहिए लेकिन अकेलापन महसूस नहीं करना बाहिए। तनाव रहित जीवन के लिए अच्छी सोच और स्वस्थ रहना जरूरी बताते हुए उन्होने कहा विद्यार्थियों को फिजिकल एक्टिविटी बनाए राखना चाहिए। ऐसा करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। संसार की विचित्र दशा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा जो लड़ते है वो पढ़ते नहीं जो पढ़ते हैं वो लड़ते नहीं। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में आचार्य श्री ने कहा घर में रहने वाला गृहस्थ व्यक्ति घर गृहस्थी के बक्कर में उलझा रहता है इसलिए त्याग उपस्या नहीं कर सकता है लेकिन दान



और पूजा अवश्य कर सकता है। उन्होंने कहा कमाई का 10 प्रतिशत तो अवश्य ही दान करना चाहिए। धर्मसभा का शुभारम्भ मंगलाचरण के साथ हुआ। आज आचार्य श्री का पादप्रक्षालन एवं दीपप्रज्जवलन वीर व्यायामशाला के पदाधिकारी संजय जैन संजीव जैन विजय जैन द्वारा किया गया। धर्मसभा में में मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि भूदत्त सागर महाराज, मुनि पदमदत्त सागर महाराज मुनि वृषभदत्त सागर महाराज शुल्लक चन्द्र सागर महाराज एवं श्रीदत्तसागर महाराज विराजमान हैं जिनके माध्यम से अपूर्व धर्मप्रभावना हो रही है। रविवासरीय प्रवचन सभा के दौरान मध्यान्ह सत्र में आचार्य श्री ने आज समाज को प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष डा० अक्षय टड़या, महामंत्री आकाश जैन, मंदिर प्रबंधक अजय जैन गंगचारी, मनोज जैन बबीना मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, सनत खजुरिया, कपूरचंद लागौन, शीलचंद अनौरा, अखिलेश जैन गदयाना, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, शादीलाल जैन एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट, नए आवंटन का कर रहे इंतजार

# जिले की राशन दुकानों से 20 करोड़ बाजार मूल्य का 5 हजार टन राशन किया गायब

### सत्यापन के नाम पर अधिकारियों ने की अनियमितताएं, आपूर्ति विभाग के पास कोरोना के समय का डेटा उपलब्ध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/राजगढ़

स्मार्ट पीडीएस के नाम पर आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने जिले भर में हजारों टन राशन मूव हटाना कर दिया है या सरल शब्दों में कहें तो गायब कर दिया है। पीओएस मशीन एवं राशन दुकानों में भौतिक रूप से उपलब्ध राशन में एकरूपता लाने के लिए आपूर्ति अधिकारियों द्वारा किया गया सत्यापन ही संदेह के घेरे में है। जिले भर की विभिन्न राशन दुकानों से राशन को मशीनों से हटाने के मामले सामने आए है। ब्यावरा, राजगढ, खिलचीपुर और सारंगपुर की अधिकतर राशन दुकानों से कुल मिलाकर 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटा दिया गया है। इस बारे में जब आपूर्ति अधिकारी से बात की गई तो उन्होंनें इसे कोरोना के समय का होना बताया परंतु जैसे ही उस समय के हितग्राहियों का डाटा मांगा गया तो उन्होंने राशन दुकानदारों पर बात टालते हुए उससे बचने का प्रयास किया। इससे मामले की गंभीरता को समझा जा सकता है कि विभाग के जिम्मेदारों ने बिना किसी प्रमाण के हजारों टन राशन पीओएस मशीनों से हटा दिया।

#### प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल बेवसाइट

विभाग के द्वारा अपने उलझे हुए डाटा को छुपाने के चलते पिछले 5 दिनों से ऑफिशियल बेवसाइट को ही बंद कर रखा है जिससे पुराने डाटा को छुपाया जा सके जब तक की नया आवंटन राशन दुकानों तक नहीं आ जाता उल्लेखनीय है कि जून में सरकार द्वारा 3 माह ;जून, जुलाई अगस्त द्ध का आवंटन हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया था जिस पर जिला कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा ने भी एक समय सीमा में राशन बांटने को लेकर एक आदेश भी जारी किया था


जिला आपूर्ति अधिकारी सहित जेएसओ ब्यावरा रिकॉर्ड बताने में असमर्थ

आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब

122 राशन दुकानों में से 98 दुकानों का राशन हुआ मूव

जिला आपूर्ति अधिकारी को पता ही नहीं कई टन गेहूं-चावल दुकानों से हुआ 'मूव'

फैक्ट फाइल

| राशन | गायब (मूव) |
|---|---|
| गेहूं | 784.28 टन |
| चावल | 845.95 टन |
| नमक | 24.02 टन |
| मोटा अनाज | 5.13 टन |
| शकर | 2.49 टन |
| मूंग | 0.35 टन |

जिला आपूर्ति ने नहीं बनाई सत्यापन के लिए कोई टीम

राशन कम कराने शहर में दलाल सक्रिय, हरिभूमि जल्दी करेगा डी-कोड

इनका कहना है...

अजीत सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ

इसके बाद भी कई जगह राशन दुकानों पर 15 जुलाई तक भी आवंटन नहीं पहुंच पाया था। और कई जगह से हितग्राहियों को एक एक माह का राशन देने के मामले भी सामने आए है।

#### जिले भर में 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया

राजगढ जिले के 4 ब्लॉक जिनमें ब्यावरा, राजगढ, खिलचीपुर एवं सारंगपुर शामिल है उनमें से कुल .19 करोड 95 लाख 59 हजार 880 बाजार मूल्य का राशन मूव किया गया है उल्लेखनीय है कि इसमें ब्यावरा ब्लॉक 6करोड73 लाख भी जोड़ा गया है।

#### राजगढ ब्लॉक की 58 दुकानों की पड़ताल

837784 किलो चावल 45 रूप्ए किलों के हिसाब से 3करोड 77लाख 280,1446276 किलों गेहूं बाजार कीमत 35 रूप्ए किलो से 5करोड 6 लाख 19 हजार 660, 85631 किलो नमक कीमत 20 प्रति किलों से 17लाख 12हजार 620,533 किलो मूंग बाजार कीमत 100 प्रति किलो के हिसाब से 53300, 11451 किलो खडा अनाज बाजार कीमत 50 प्रति किलो 572550,7714 किलो शकर बाजार कीमित 40 प्रति किलो 3लाख 8 हजार 560 हुई। इस तरह राजगढ की राशन दुकानों से मूव हुए राशन 2389 टन 389 क्विंटल हुआ जिसकी बाजार कीमत लगभग 9 करोड 9 लाख 66 हजार 970हुई।

#### खिलचीपुर ब्लॉक 35 दुकानों की जानकारी

242217 चावल बाजार कीमत 1 करोड 8 लाख 99 हजार 765,489283 गेंहू की बाजार कीमत 1 करोड 71लाख 24 हजार 905, 23476 नमक की कीमत 4लाख 69 हजार 520, 3990 मूंग की कीमत 3 लाख 99 हजार , 1241 खडा अनाज 62 हजार 50 एवं 105 शकर की कीमत 12 हजार 480 हुई। इस तरह कुल राशन 763 टन 312 क्विंटल मूव हुआ जिसकी कुल बाजार कीमत 2 करोड 89लाख 61हजार 720 आंकी जा सकती है।

#### सारंगपुर ब्लॉक 16 दुकानों की जानकारी

45742 किलो चावल की कीमत 20 लाख 58 हजार 390, 256 किलो नमक कीमत 5 हजार 120, 293074 किलो गेंहू की कीमत 1 करोड 2लाख 57 हजार 590 ,25 किलो मूंग 2500 ,227 किलो खडा अनाज 11हजार 350 ,31 किलो शकर की कीमत 1240 आंकी गई। कुल मिलाकर 339 टन 355 क्विंटल राशन सारंगपुर से मूव किया गया और इसकी बाजार कीमत 1 करोड 23 लाख 31 हजार 190 हुई।

#### आदेश प्राप्त हुआ है

हमारे पास आदेश प्राप्त हुआ था उसी आधार पर काम किया जा रहा है कोरोना के समय का डेटा हमारे पास नहीं है वह दुकानदारों के पास ही होगा।

**अजीत सिंह,** जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ

### साल 2022 में हुई थी हत्या की वारदात

## प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या पत्नी सहित प्रेमी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी को न्यायालय ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों आरोपियों पर न्यायालय ने अर्थदंड भी अधिरोपित किया है।

#### क्या है पूरा मामला

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 22 जनवरी 2022 को बैरियाखेड़ी निवासी मदनसिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह अपने घर पर सो रहे थे। सुबह करीब 5 बजे उसके लड़के रामदिनेश मीना की पत्नी ज्योतिबाई रोते-रोते गांव स्थित दूसरे मकान से आई और बोली की दक्ष के पापा(रामदिनेश) का शव कमरे में खून से लतपथ पड़ हुआ है। ससुर मदनसिंह ने जब बहू ज्योति से पूछा कि यह कैसे हुआ तो ज्योति ने कहा कि वो छत वाले कमरे में सो रही थी वहीं पति रामदिनेश नीचे वाले कमरे में सो रहे थे। जब वो उठकर आई तो पति का शव पलंग पर खून से लतपथ पड़ा हुआ मिला। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सूक्ष्मता से जांच करते हुए मृतक की पत्नी ज्योति से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने प्रेमी चैनसिंह के साथ मिलकर पति की हत्या करना कबूल कर लिया। इसी मामले में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों सहित अन्य गवाहों एवं सबूतों की बिना पर तहसील न्यायालय ब्यवरा में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने दोनों आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास से दंडित किया है।

### राजगढ़ नगर में आज 11 से 5 बजे तक गुल रहेगी बिजली

**राजगढ़।** बारिश के मौसम में तेज हवाओं, तूफान इत्यादि के चलते क्षतिग्रस्त हुई लाईनों में सुधार कार्य किया जाना है। इसी के चलते विद्युत विभाग द्वारा आज 27 जुलाई को 33/11 केवी उपकेंद्र राजगढ़ में तार बदलने सहित अन्य आवश्यक मेंटनेन्स कार्य किए जाएंगे। उक्त मेंटनेंस के कारण आज रविवार सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सम्पूर्ण राजगढ़ नगर की बिजली गुल रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी के राजगढ़-शहर कनिष्ठ यंत्री शिवांश त्रिपाठी ने बताया कि मेंटनेंस के समय को आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। स्थानीय वार्ड क्रमांक-4 के मुख्य मार्ग के बीचों-बीच लगा विद्युत पोल रहवासियों सहित वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। ऐसे में वार्ड के बाशिंदों ने कंपनी के अधिकारियों से मांग की है कि सभी की परेशानियों को देखते हुए उक्त पोल को बीच रास्ते से हटवाकर अन्यत्र शिफ्ट करवा दिया जाए।

### कीचड़ भरे रास्ते से लोग हुए परेशान

## बालाजी भक्त मंडल ने निकली कांवड़ यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶अकोदिया

बालाजी भक्त मंडल अकोदिया द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। जो चित्रकूट धाम आश्रम, रानी बड़ौद तक निकाली गई। इस विशाल यात्रा में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। भक्ति और आस्था के वातावरण में भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ चित्रकूट धाम पहुंचकर 12 ज्योतिर्लिंगों का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा नगर के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। हालांकि श्रद्धालुओं को इस पावन यात्रा के दौरान गंदगी और कीचड़ से भरे रास्तों के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मेन रोड से लेकर चित्रकूट धाम आश्रम तक का मार्ग अत्यंत खराब स्थिति में है, जहां गंदा पानी और कीचड़ ने भक्तों की यात्रा को कठिन बना दिया। श्रावण माह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट धाम आश्रम पहुंचते हैं, और वर्षभर भी यहां भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मार्ग की अनदेखी की जा रही है। जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव अजब सिंह मेवाड़ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर मुरम डालने की बात सरपंच से की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऊंचावद से रानी बड़ौद तक जो रोड बन रही है, उस निर्माण कार्य से संबंधित ठेकेदार को भी समस्या के समाधान के लिए कहा जाएगा। उक्त विषय पर ठेकेदार महेंद्र सोनानिया से चर्चा करने पर उन्होंने स्पष्ट किया कि उस स्थान पर उनके द्वारा कोई भराव या निर्माण कार्य नहीं किया गया है, और अब इस रास्ते की जिम्मेदारी पंचायत की है। इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने शुजालपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि धार्मिक स्थलों तक पहुंचना सुगम हो सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा से बचा जा सके।

### कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बाद...

## ई-फाइल सिस्टम की अफसर कर्मचारियों को दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विगत दिनों कलेक्टर ने सभी विभागों को तल्ख निर्देश दिए हैं कि मेनुअल की जगह ई-फाईल सिस्टम पर तेजी से काम किया जाए ताकि कार्य में पारदर्शिता के साथ पेंडेंसी भी काफी हद तक खत्म हो सके। ई-फाईल सिस्टम के तहत सप्ताह की समीक्षा में स्वास्थ्य विभाग की कई फाईलें कलेक्टर को लंबित नजर आई थीं जिस पर उन्होंने तुरंत सभी लंबित फाईलें निपटाने के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने शनिवार को कार्यालयीन अवकाश होने के बावजूद समस्त स्टॉफ को सुबह 10 बजे बुलाकर पेंडिंग ई-फाईलों को पूर्ण कराया। तुरंत समस्त पेंडिंग फाईलों और उससे संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की क्लास लगा साथ ही इस काम को करने में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए प्रजेंटेशन के माध्यम से समस्त कार्यालयीन अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया। अब ई-फाईल सिस्टम सीएमएचओ कार्यालय सहित सिविल सर्जन कार्यालय में गति से चल सकेगा।

#### क्या हैं ई-फाईल सिस्टम के लाभ

ई-फाईल सिस्टम सरकारी कार्यालयों के कामकाज में बड़ा क्रांतिकारी बदलाव ला रहा है। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य फाईलों के संचालन को तेज, पारदर्शी और कुशल बनाना है। अधिकारी किसी भी फाईल पर कहीं से भी और कभी भी काम कर सकते हैं। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और जनता से जुड़े हुए कामों का पूरा करने में लगने वाला समय भी कम हो जाएगा। इस सिस्टम से फाईलों की आवाजाही का एक डिजिटल रिकार्ड रहता है। किस चरण पर फाईल किसके पास है, और उस पर क्या काम हुआ है, क्या टिप्पणी की गई है, यह सब आसानी से ट्रेक किया जा सकता है। इससे अधिकारी और कर्मचारियों की जवाबदेही तय होती है और देरी या अनियमित्ता का पता लगाना आसान हो जाता है।

## फ्रेंचाइजी के नाम पर हुई साइबर ठगी के 5 आरोपी यूपी, बिहार से गिरफ्तार

### साढ़े पांच लाख नकद, ठगी के उपकरण किए बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

शासन और पुलिस के लाख जागरुकता अभियानों के बावजूद साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हालांकि, अधिकतर मामलों में पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हो रही पर अभी भी बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर आमजनों को और जागरुक होने की आवश्यकता है। इसी कड़ी में जिले तलेन थानाक्षेत्र के तहत एक व्यक्ति के साथ फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर हुई करीब साढ़े पांच लाख रुपए की साइबर ठगी के 5 आरोपियों को पुलिस ने उत्तरप्रदेश और बिहार से गिरफ्तार किया है। सायबर सेल की एक्सपर्ट की टीम सहित अन्य तकनीकी मदद के आधार पर जिला पुलिस को यह सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार दोपहर कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर प्रकाश डाला।

#### बदमाशों ने ऐसे लिया था झांसे में

तलेन क्षेत्र के नाहली निवासी अरविंद सिंह मकवाना ने यूट्यूब के माध्यम से डेलहाईवेरी पार्टलर नाम की वेबसाइट पर अपने उत्पादों की डिलेवरी के लिए फ्रेंचायजी प्राप्त करने का प्रयास किया था। उक्त वेबसाइट से जुड़े व्यक्तियों द्वारा फ्रेंचायजी देने के नाम पर फरियादी मकवाना से जरूरी दस्तावेज प्राप्त कर विभिन्न बैंक खातों में 2 लाख 18 हजार 765 रुपए ट्रांसफर करवाए। इसी तरह वाल्मो पार्टनर डॉट इन नाम की वेबसाइट पर भी फ्रेंचायजी हेतु आवेदन किया। इस वेबसाइट से जुड़े व्यक्तियों ने भी श्री मकवाना को झांसे में लेकर विभिन्न बैंक खातों में 3 लाख 31 हजार के लगभग राशि ट्रांसफर करवाई। जब काफी समय तक फ्रेंचायजी मिलने का नियुक्ति पत्र प्राप्त नहीं हुआ और संबंधितों के मोबाइल नंबर भी बंद मिले तो मकवाना को अपने साथ ठगी होने की बात मालूम हो पाई।

#### शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की विवेचना

फरियादी ने तलेन थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना आरंभ की। साइबर ठगी की पड़ताल के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम बनाई गई।

इस टीम ने तकनीकी जांच एवं संकलित डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों, ई-मेल आईडी, बैंक खातों आदि से इस ठगी का संबंध में बिहार से होना साबित हुआ। अततः काफी प्रयास करने और 2 हजार किमी तक सफर करने के बाद उक्त ठगी के पांचों आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 लाख 50 हजार रुपए नकद सहित 2 लेपटॉप, 01 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, 03 मोबाइल बरामद किए हैं। गिरफ्तार हुए आरोपियों में राजकुमार उर्फ आर्यन सिकरवार निवासी यूपी, टिंकू कुमार निवासी बिहार, अभिषेक राजपूत, राहुल सिंह राजपूत एवं गोलू उर्फ विक्रम सिंह शामिल हैं।

## जिला कार्यकारिणी की बैठक में पर्यटन विकास पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा की पुरातत्व, पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के ऐतिहासिक स्थलों को अधिक प्रचारित करने, पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने तथा युवाओं और विद्यार्थियों को पर्यटन से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में टूरिज्म मास्टर प्लान तैयार करने, सांची आने वाले पर्यटकों को विदिशा की ओर आकर्षित करने हेतु होर्डिंग लगाने, पर्यटक रूट तैयार कर बस सेवाएं उपलब्ध कराने और पर्यटन स्थलों का बुकलेट, पोस्टकार्ड व विज्ञापन के माध्यम से प्रचार करने के निर्णय लिए गए। इसके अलावा, एडवेंचर कैंप, सांस्कृतिक महोत्सव और फूड फेस्टिवल जैसे आयोजनों के साथ प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पेयजल, शौचालय, पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित करने पर चर्चा हुई। होटल व्यवसायियों, गाइडों और स्वयंसेवी संगठनों से समन्वय स्थापित कर पर्यटन को नई दिशा देने का निर्णय भी लिया गया। रेलवे स्टेशन पर फोटो गैलरी लगाने और नए पर्यटन स्थलों की संभावनाएं तलाशने पर भी विचार किया गया।

### जत्थे में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल

## बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




27 जुलाई से 7 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए पूरे देश से हजारों श्रद्धालुओं ने अपना पंजीयन करवाया है। इसी कड़ी में राजगढ़ जिले से भी विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के 22 कार्यकर्ता अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। विहिप जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होने से पूर्व दल में शामिल सभी सदस्यों का पुष्पाहार से स्वागत करते हुए सभी के सकुशल लौटने की कामना की गई।

मध्य भारत प्रांत के सभी कार्यकर्ता बाबा अमरनाथ सहित मां वैष्णोदेवी के दर्शन उपरान्त 1 अगस्त को वापस जिले में लौटेंगे। विहिप एवं बजरंग दल द्वारा कश्मीर में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के उत्साहवर्धन के लिए यह यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है। कुछ समय पूर्व पहलगाम में हुए आंतकी हमले के चलते इस वर्ष की यात्रा बेहद संवेदनशील मानी जा रही है। हालांकि, यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न करवाने जम्मू कश्मीर पुलिस सहित सुरक्षाबलों द्वारा व्यापक इंतेजाम किए गए हैं।

#### दल में ये श्रृद्धालु हैं शामिल

यात्रा में शामिल दल में राजगढ़ जिले से विभाग सह-संयोजक सूजान गुर्जर, जिला मंत्री आशीष मेवाड़े, महाविद्यालय प्रमुख राजू मालवीय, कोषाध्यक्ष बृजकिशोर आनंद, प्रखंड अध्यक्ष पवन सौंधिया, बालचंद किरार, गोविंद रूहेला, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका रामकला तोमर, मातृशक्ति जिला संयोजिका नंदिनी बैरागी, नगर अध्यक्ष दीपक यादव, हेमराज तंवर सहित अन्य शामिल हैं।

## नाबालिग को लेकर भागा 26 वर्षीय युवक, परिजन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

समीप गांव हाजीपुर से एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को गांव का ही 26 वर्षीय युवक शानू पिता भर्थहरि शनिवार को भगा ले गया। घटना के बाद से पीड़ति परिवार गहरे सदमे में है। परिजनों का आरोप है कि बार-बार थाने जाने के बावजूद पुलिस से उन्हें कोई ठोस मदद नहीं मिल रही। शुक्रवार दोपहर लगभग तीन बजे लड़की के माता-पिता सारंगपुर थाने पहुंचे और थाने के बाहर रोते हुए अपनी पीड़ा साझा की। युवती की मां फूट-फूटकर रो पड़ी और बताया कि उनकी सिर्फ एक ही बेटी है,जिसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया। थाना प्रभारी आकांशा हाड़ा ने बताया कि आरोपी युवक शानू का मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। पुलिस ने उसका सीडीआर निकलवाया है और नंबर को सर्विलांस पर रखा गया है। आरोपी के परिजन भी घर में ताला लगाकर गायब हैं। रिश्तेदारों पर निगाह जारी हैं, वही विवेचना अधिकारी के अनुसार,अब तक आरोपी की तलाश में पुलिस पांच बार गांव पहुंच चुकी है, लेकिन हर बार घर बंद मिला। अब पुलिस आरोपी के रिश्तेदारों की जानकारी जुटाकर कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ रही है। पीड़ति परिवार की अपील पीड़िता के पिता ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी नाबालिग बेटी को जल्द से जल्द सुरक्षित ढूंढा जाए और आरोपी पर सख्त कार्रवाई हो।